I cannot explain to everybody. Now, let us continue with the discussion on the Railway Budget.

3.00P.M.

I THE BUDGET (RAILWAYS) 1995-96

II. THE RESOLUTION SEEKING APPROVAL OF CERTAIN RECOM-MENDATIONS CONTAINED IN THE NINTH REPORT OF THE RAILWAY CONVENTION COM-MITTEE, 1991— Contd.

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश) : उपसभापति महोदया, उस दिन मैं कह रहा था कि जो रेल बजट माननीय मंत्री महोदय ने 14 मार्च को इस माननीय सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया है, उस चर्चा में भाग लेने के लिए मैं खड़ा हूं। महोदया, सर्वप्रथम मैं श्री टी० एन० चतुर्वेदी द्वारा दिए गए सुझावों का समर्थन करना चाहूंगा कि अच्छा होगा आने वाले समय में बजट प्रस्तुत करने से पूर्व रेल मंत्री महोदय प्रदेश के मुख्य मंत्रीयों और सांसदों की एक बैठक बुलाएं ताकि जो उनके सुझाव आएं, उन सुझावों को भी बजट बनाते समय समावेश किया जाए और इसके अतिरिक्त जो साल भर की रेलवे की कार-गुजारी है, उस पर भी विचार हो सके।

महोदया, मंत्री महोदय ने अपने भाषण के अनुच्छेद 5.4 में कहा है कि :

There is a- happy sign that the growth in pasenger traffic is far more than our expectations, hopefully, in response to the steps taken by the Railways for improving the passenger services."

[माननीय उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) आसीन हुए]

मुझे ऐसा लगता है कि माननीय मंत्री महोदय की जो यह टिप्पणी है, उनकी यह कल्पना है। जहां तक यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो गई, वह इसलिए नहीं हुई कि आपने यात्रियों को कोई बहुत सुविधा दे दी। वह यात्रियों की मजबूरी और बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण है, न कि आपके द्वारा दी गई सुविधाएं। क्या यह सत्य नहीं है कि आज कुछ रेलों को छोड़कर अधिकांश रेलें न समय पर चलती हैं और न समय पर पहुंचती हैं? क्या यह सत्य नहीं है कि अगर आप रेलवे की हालत देखें तो जो खान-पान की व्यवस्था है, उसमें दिन-प्रतिदिन निरन्तर गिरावट हो रही है? क्या यह सत्य नहीं है कि आप रेल के डिब्बे में जाइए, चाहे वह फर्स्ट कलास का है, चाहे वह सेकेंड क्लास का है, चाहे वह ए. सी. सेकेंड क्लास का है, सीटें फटी हुई हैं। वहां अपने कपड़े बचाकर बैठना पड़ता है, कहीं कील में लग जाएंगे तो आपके कपड़े फट जाएंगे। तो यह हालत तो आपकी सीटों की है। जहां तक सफाई का सवाल है, शौचालय में बदबू है, जिस कारण वहां जाना मुश्किल है कहीं लाईट नहीं है। यह दुर्गति आपकी रेलवे की है और आप कहते हैं कि जो सुविधा आपने दी है उसके अनुरूप ही, उसके कारण ही आज पैसेंजर्स की संख्या बढ़ी है। मैं आपकी इस टिप्पणी से सहमत नहीं हूं।

महोदय, इसके अतिरिक्त रेलवे में चोरियां भी बढ़ने लगी हैं। पहले तो चोरी केवल मात्र कहीं सेकंड क्लास में होती थी, अब तो जिन रूट्स को हम सेफ समझते हैं उसमें भी—ए० सी० सेकंड क्लास में चोरी होने लगी है। महोदय, मैं आपको उदाहरण देना चाहूंगा कि 18 अप्रैल को मैं कालका से दिल्ली आ रहा था। तो ए० सी० सेकंड क्लास में एक महिला का एक अटेचीकेस चला गया। उसने जाकर अटैंडेंट से शिकायत की तो अटैंडेंट ने जवाब दिया कि मैं जिम्मेदार नहीं हूं। मुझे मालूम नहीं कि कौन बैग ले गया होगा। अब तो ए०सी० सेकंड क्लास में भी चोरी होने लगी है। इस सदन के माननीय सदस्य श्री रामनाथ कोविन्द कह रहे थे कि जब वे लखनऊ से आ रहे थे तो ए० सी० फर्स्ट में एक फैक एम० पी० बैठ गए और जब सुबह देखने लगे कि तो एक यात्री का एक सूट केस चला गया और उनका भी तीन हजार रुपया चला गया। यह तो आपके रेलवे की हालत है और आप कहते हैं कि जो आपने सुविधा दी है इसलिए यात्रियों की संख्या बढ़ी।

महोदय, जहां तक खान-पान की व्यवस्था का संबंध है, मैं पहले जिक्र कर चुका हूं कि उसमें भी बहुत गिरावट आई है। तो मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय, जब उत्तर दें तो उन बातों पर भी प्रकाश डालेंगे कि कौन-कौन सी वह सुविधाएं हैं जिनसे आकर्षित होकर आपके यहां यात्रियों की संख्या बढ़ी है। मैं तो यहां तक कहूंगा कि मंत्री महोदय ने अपने बजट स्पीच में कहा है कि अब आप ए० सी० सेकंड में भी कम्पार्टमेंट की व्यवस्था करेंगे, बंद करने की व्यवस्था करेंगे। मैं तो यह भी सुझाव देना चाहूंगा कि उसमें एक केबिन होना चाहिए जहां लोग अपना सामान जमा कर सकें। आप बेशक उसके लिए कोई फीस लगा दीजिए, लेकिन व्यवस्था करदें ताकि निःसंकोच और बिल्कुल आराम से पैसेंजर्स सो सकें। इसके लिए आवश्यक है कि आप इस प्रकार की व्यवस्था करें। जहां तक बिस्तरों का संबंध है, आपने बजट स्पीच में कहा कि अब बिस्तर हर यात्री को मिलेंगे और ए० सी० सेकंड क्लास में आपने बीस रुपए की वृद्धि भी कर दी। लेकिन बिस्तरों हालत क्या है ? जो आपके डनलप सिरहाने है ए० सी० सेकेंड में तक वह भी एक के काट कर दो-दो, छोटे-छोटे बनाए गए हैं। अगर सोना चाहे यात्री तो उसमें अच्छी तरह नींद भी नहीं आती। वह बहुत छोटा है, उसका खोल बड़ा है और बीच में तकिया ही नहीं है। यह तो आपके बिस्तर की हालत है और ब्लैंकेट आपके फटे हुए, चादरें फटी हैं। अगर उस सिरहाने का बुग निकल दें तो कोई सो नहीं पाएगा, इतनी गन्दगी और बदबू सिरहानों में है और आप कहते हैं कि आपने बहुत सुविधाएं दे दी हैं।

इसके अतिरिक्त महोदय, आपने कहा कि संसाधनों की कमी है इसलिए आपने अनुच्छेद 39(1) में कहा है कि किराए-भाड़े की आय जो कुल है, वह 3350 करोड़ बतलाई है और यह कहा है कि मेल और ऐक्सप्रेस, फर्स्ट क्लास, ए. सी. सेकेंड क्लास, ए. सी टू टियर ए. सी. फर्स्ट क्लास में इस प्रतिशत किराए में वृद्धि की बात कही है और कर भी दी है आपने। इसके अलावा ए.सी. थ्री टियर में जो चैयरकार का किराया था, उसका 25 प्रतिशत वृद्धि करके आपने ए.सी. थ्री टियर की बात की है लेकिन मंत्री महोदय, जहां तक रेलवे के पास, आपने स्वयं एक प्रश्न के उत्तर में मुझे बतलाया है कि आपके पास इस समय 36 हजार हेक्टेयर भूमि पड़ी है जिस पर जगह-जगह लोग एनक्रोचमेंट कर रहे हैं, जिससे आपको आमदनी हो सकती है अगर आप उसका सदुपयोग करें लेकिन उस ओर आपका ध्यान ही नहीं गया और यह जो 37 पृष्ठ का आपका भाषण है, या इसके बारे में मौन है कि यह जो आपके पास 36 हजार हेक्टेयर भूमि है, उसका आखिर आप क्या करने जा रहे हैं ? फरवरी मास में हमें समाचार पत्रों में पढने को मिला था कि रेलवे इजटू रेज मैसिव फंड्स लेकिन क्या हुआ उसका कोई पता नहीं। जब मैंने प्रश्न पूछा कि क्या उसमें कोई होटल बनेंगे या जंगल लगाएंगे तो मंत्री जी ने यह जवाब दे दिया कि अभी तो मामला विचाराधीन है न जाने कब उस पर विचार होगा ?

महोदय जहां तक पहाड़ों का संबंध है में यह स्पष्ट शब्दों में कहना चाहूंगा कि जब से भारत स्वतंत्र हुआ है पहाड़ों के रेल मंत्रालय ने बुरी तरह उपेक्षा की है चाहे वह हिमाचल हो चाहे वह जम्मू-कश्मीर हो चाहे वह पूर्वोत्तर के राज्य हों आपका इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं गया है। जो कुछ भी वहां पर रेल के बारे में प्रगति हुई है जो भी सुविधाएं लोगों को मिली हैं वह ब्रिटिशर्स के समय में मिली हैं और आपने उसमें कुछ नहीं जोड़ा बल्कि जो सुविधा थी उसमें भी कभी आई है कुछ जोड़ा नहीं है।

महोदय, आपने अपने भाषण में जम्मू-उधमपुर के बारे में कहा है कि गत वर्ष आपने 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है और इस वर्ष भी इस लाइन के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है और आपने यह भी कहा है कि आप बारामूला और श्रीनगर के लिए लाइन बिछाने पर विचार कर रहे हैं और जम्मू से कटरा तक का भी सर्वेक्षण हो गया है। शायद यह भी न हो पाता अगर वहां उग्रवाद न होता। बापू कालदाते जी जो इस सदन के माननीय सदस्य हैं, उन्होंने ठीक कहा है कि अगर प्रांतों में विकास असंतुलित होगा तो वह लोगों में सबसे बड़ा निराशा और रोष का कारण बन जाएगा और उसी से उग्रवाद जैसी घटनाएं उत्पन्न होती हैं। मैं आपका आभारी हूं कि कम से कम जम्मू-कश्मीर की

तरफ आपका ध्यान गया लेकिन बाकी रहने वाले, पहाड़ों में कभी-कभी लोग यह प्रश्न करते हैं कि क्या हम भी जब तक शांतिप्रिय ढंग से बैठे रहेंगे तो हमारी तरफ रेल मंत्रालय का ध्यान कभी नहीं जाएगा, इस प्रकार के प्रश्न लोग आज पूछने लगे हैं।

महोदय, आपने इस बजट के अनुच्छेद 39.14 में कहा है कि सिलिगुड़ी-दार्जिलिंग, कालका-शिमला, जोगिन्दर नगर-पठानकोट, ये लाइनें क्योंकि घाटे में चल रही हैं तो इनका किराया आप कम करेंगे। यह आपने एक अच्छा कदम उठाया है इसके लिए मैं आपको बधाई देना चाहूंगा और आपने देखा होगा कि जब से आपने यह कदम उठाया है, तब से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या, विशेषकर शिमला-कालका रूट पर बढ गई है और आज आपको पैसे आने शुरू हो गए हैं और अगर आप थोड़ी सी उसमें सुविधा दे दें तो ज्यादा यात्री रेल से जाएंगें क्योंकि वहां की जो लाइन है, वह ऐसी घाटियों से होकर जाती है जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षक सिद्ध हो सकती है।

महोदय, जहां तक पूर्वोत्तर राज्यों का संबंध है, मैं मंत्री महोदय का ध्यान सिक्किम की ओर ले जाना चाहूंगा कि अंग्रेजों के जमाने में एक सिलिगुड़ी-दार्जिलिंग रेल चला करती थी जिसको कि टॉय ट्रेन कहते हैं। उसमें अगर आप देखेंगे तो जो डिब्बे उसके बने थे, वे ज्यों-ज्यों खराब होते गए उस रेल की लैंथ भी घटती गई, उसकी लम्बाई भी कम हो गई। यही नहीं पहले जो वहां पर स्टीम इंजन था, आज भी वही स्टीम इंजन चल रहा है, आप वहां पर डीजल इंजन का भी प्रावधान नहीं कर पाए हैं। इसके अतिरिक्त 1946 तक संभवतः सिलीगुड़ी से आगे गेंलूखोला तक ट्रेन जाती थी, जो कि 50 किलोमीटर है और लोगों को उम्मीद थी कि यह ट्रेन रंगफो तक ले जायेंगे, सिक्किम बार्डर तक ले जायेंगे, लेकिन परिणाम यह हुआ कि आजादी के बाद जो यह 50 किलोमीटर आगे ट्रेन चल रही थी, वह भी, मान्यवर, इस सरकार ने बंद कर दी। आज यह ट्रेन सिर्फ सिलीगुड़ी तक जाती है। सिक्किम की तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

आज उत्तराखंड या उत्तरांचल का जहां तक सवाल है, ब्रिटिश काल में गढ़वाल मंडल में कोटद्वार तक ट्रेन जाती थी, आज भी उसमें कोई बढोत्तरी नहीं हुई है। वहां कोटद्वार तक ही ट्रेन जाती है। जहां तक कुमाउं मंडल का सवाल है वहां काठगोदाम तक ट्रेन जाती थी। आपने केवल एक काम किया, लालकुआ से काठगोदाम तक, 39 किलोमीटर ब्राड गेज लाइन बिछा दी। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं किया। उत्तर प्रदेश में, यहीं नहीं, 1935 में ऋषि केश से कर्ण-प्रयाग तक का सर्वे हुआ था। बार बार इस सदन में और दूसरे सदन में सांसद लोग यह मांग उठाते रहे हैं कि कम से कम इस सर्वे को दुबारा करवाया जाय, यह सर्वे पुराना हो चुका है, ताकि काम आगे हो सके लेकिन इस ओर मंत्री महोदय और सरकार का बिल्कुल ध्यान नहीं है।

महोदय, जहां तक हिमाचल प्रदेश का सवाल है, ब्रिटिश टाइम में, 1920–21 में पठानकोट से जोगेन्द्रनगर, 200 किलोमीटर रेल लाइन बिछायी थी और जोगेन्द्रनगर से भू भू पास होकर कुल्लू तक टनल बनाकर रेलवे लाइन बिछाने का सर्वे कराया था और शिमला कालका लाइन पहाड़ों को काटकर टनल बनाकर उसका रूट आकर्षक बनाया था। लेकिन यह सरकार उसमें भी कोई बढ़ोत्तरी नहीं कर पायी है।

इसके अतिरिक्त ऊना-तलवाड़ा रेल लाइन का सर्वे हो चुका है। ऊना-भनोपली-धाघस-रामपुर इसका सर्वे हो चुका है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो हिमाचल प्रदेश को वर्तमान सरकार से स्वतंत्रता के उपरान्त केवल 14 किलोमीटर लाइन मिली है यानी 1/3 किलोमीटर रेलवे लाइन एक साल में हमें मिली है। महोदय, जब वाई० एस० परमार हिमाचल प्रदेश के मुख्य मंत्री थे तो 1971 में जगाधरी-पोंटा लाइन बिछाने का सर्वे कराया गया था। यह सर्वे 1980–81 में पूर्ण हो चुका था और रेल मंत्रालय के आग्रह

पर हिमाचल प्रदेश सरकार ने 1981 से प्रस्तावित लाइन के आस-पास की जमीन की खरीद-फरोक्त पर पाबन्दी लगा दी थी। लेकिन इस पर आपके मंत्रालय द्वारा कुछ भी नहीं किया गया है।

महोदय, जहां तक पठानकोट-जोगेन्द्रनगर का सवाल है, मैं मंत्री महोदय को आपके माध्यम से सुझाव देना चाहूंगा और बताना चाहूंगा कि यह ठीक है पालमपुर के आगे कुछ पहाड़ है इसीलिए वहां पर ब्राड-गेज की बात नहीं की जा सकती। लेकिन जो पोर्शन पठानकोट से लेकर पालमपुर तक है और जो काफी रमणीय है उसमें ब्रॉड गेज लाइन बिछायी जा सकती है। मैं यह सुझाव भी देना चाहूंगा क्योंकि इस लाइन पर कोई शहर नहीं आता है इसलिए आप छोटे-छोटे कस्बों को पटानकोट-पालमपुर ब्राड गेज लाइन से जोड़ सकते हैं। यह वहां पर पर्यटन की दृष्टि से भी आवश्यक है और इससे इस लाइन से कोई घाटा सरकार को नहीं आएगा बल्कि इससे आपको मुनाफा होगा। आशा है कि मंत्री जी इस ओर ध्यान देंगे।

महोदय, जहां तक शिमला-कालका का संबंध है, अंग्रेजों के जमाने में यहां रेल-कार की व्यवस्था थी जिसमें केवल वायसराय चलते थे। मैं जानना चाहता हूं कि क्या वर्तमान सरकार ऐसा नहीं कर सकती कि इस रेल कार में कुछ सुधार लाया जाए। उसमें शौचालय की व्यवस्था की जा सकती है, उसको और बड़ा बनाया जा सकता है और उसके इंजन में सुधार किया जा सकता है। अगर आप ऐसा करेंगे तो उसमें अधिक पैसेंजर जा सकते हैं। इसमें समय भी कम लगता है और यह पर्यटकों की दृष्टि से भी आकर्षक हो सकता है।

महोदय, शिमला रेलवे स्टेशन जो है, मंत्री महोदय शायद यह बात आपकी जानकारी में होगी कि वह शिमला शहर से दो किलोमीटर पीछे है।

आपका मालगोदाम बिल्कुल शहर में है। वहां तक रेल लाइन बिछी हुई है। सारा इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। सिर्फ आप आदेश कर दें कि इस रेलवे स्टेशन को शिमला शहर में तो लाया जाए, जहां रेलवे लाइन बिछी है, इन्फ्रास्ट्रक्चर है, सब कुछ है, थोड़ा बहुत खर्च करके अगर ट्रेन वहां पर ले जाई जाती है तो वह पर्यटकों के लिए भी सार्थक सिद्ध होगी क्योंकि जो वर्तमान रेलवे स्टेशन है वहां तक होटल से सामान ले जाने के लिए कुली सौ रुपए तक पर्यटकों से ले लेते हैं तो रेल से कौन चलेगा। रेलों में आदमी तब चलेगा जब आप सुविधा देंगे। तो यह आसानी से हो सकता है। मेरा ख्याल है कि मंत्री महोदय इस ओर ध्यान देंगे।

जहां तक यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाएं हैं ..(**व्यवधान**).. लोगों को रास्ते में कठिनाइयां आती हैं, मंत्री महोदय उसके लिए आवश्यक है कि आपके अधिकारी भी कभी इन रेलों में ट्रेवल करके देखें। यह सेलून की व्यवस्था समाप्त होनी चाहिए। देखा गया है कि जब आपके उच्चाधिकारी जाते हैं तो वे सेलून में चलते हैं अंग्रेजों के जमाने की तरह उनको क्या मालूम कि फस्ट क्लास या ए० सी० सैकेंड क्लास या सैकेंड क्लास में क्या दिक्कत है। मैं चाहूंगा कि इस प्रकार की सैलून की व्यवस्था को समाप्त कर देना चाहिए। इन्सपैक्शन पर जब भी कोई अधिकारी जाता है तो उनको इन्हीं श्रेणियों में ट्रेवल करना चाहिए ताकि उनको असलियत पता लगे कि लोगों को क्या तकलीफ होती है। उनको क्या पता लगेगा जो सैलून में सपरिवार जाकर पिकनिक मनाने जाते हैं। फिर इन्सपैक्शन किस तरह की। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। मेरा विश्वास है कि मंत्री महोदय इस ओर ध्यान देंगे।

आपने अपने बजट भाषण में यह कहा है कि यूनीगेज के लिए कुछ पैसे का प्रावधान किया है। लेकिन हिमाचल और दूसरे पहाड़ों के लिए फूटी कौड़ी का प्रावधान नहीं है। मंत्री महोदय, मुझे विश्वास है कि जो कुछ मैंने कहा है इसकी ओर आप अवश्य ध्यान देंगे।

इसके अतिरिक्त दो तीन बातों को कहकर मैं अपनी बात समाप्त कर दूंगा। ये जो रेल दुर्घटनाएं होती हैं इनमें जो कुछ लोगों की मृत्यु हो जाती है तो जो मृतकों के आश्रित हैं उनको पैसा देने

के लिए क्लेम करने के लिए कोई समय तय नहीं होना चाहिए क्योंकि कई बार माता पिता की मृत्यु हो जाती है दुर्घटना में माइनर बच्चे छूट जाते हैं। आप उनसे यह आशा नहीं रख सकते कि वे किसी निर्धारित समय सीमा के अंदर अपना क्लेम आकर करें। मैं सहमत हूं कि जब कोई व्यक्ति क्लेम आपके पास करें तो उस क्लेम को निपटाने के लिए कोई न कोई समय की सीमा रखनी चाहिए लेकिन क्लेम दायर करने के लिए कोई समय नहीं रखना चाहिए क्योंकि अगर क्लेम दायर करने के लिए आप कोई सीमा रखेंगे तो इस प्रकार के जो माइनर छूट जाते हैं बच्चे छूट जाते हैं वे अपना क्लेम निर्धारित समय के अंदर दायर नहीं कर सकते हैं। इसलिए इसमें छूट देने की आवश्यकता है।

इसके अतिरिक्त पहले प्लेटफार्म पर रिजरवेशन की सुविधा थी। यह सुविधा आज भी प्रदान कर सकते हैं क्योंकि जब पैसेंजर कुछ लेट पहुंचता है तो उसको बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्लेटफार्म पर रिजरवेशन की सुविधा मिलनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि मंत्री महोदय इस ओर अवश्य ध्यान देंगे।

जहां तक मध्य प्रदेश का संबंध है। आप इस बात से सहमत होंगे कि मध्य प्रदेश का जो आपका बिलासपुर रीजन है वह सबसे अधिक आय देने वाला रीजन है। इसलिए वहां पर जोन बनाने की आवश्यकता है। यह मांग वहां से संबंधित सांसद-सदस्य जनता बार-बार आपके समक्ष रखती रही है। यहां तक कि आपसे पूर्व जो रेल मंत्री थे श्री माधवराव सिंधिया उन्होंने बिलासपुर में जाकर इस बात की घोषणा की थी कि उस रीजन को बदलकर जोन बनाएंगे लेकिन वह घोषणा आज तक पूर्ण नहीं हुई है। मुझे विश्वास है कि मंत्री महोदय माधवराव से बात करेंगे और इस आश्वासन की पूर्ति करेंगे। अगर इस प्रकार की घोषणा किसी पूर्व मंत्री द्वारा की गयी है तो उसका पालन करना आपका भी कर्तव्य बनता है। मुझे विश्वास है कि आप इस ओर ध्यान देंगे।

इसके अतिरिक्त मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि जिन स्टेशनों पर रेलों के रुकने की कोई सुविधा पहले थी और उस रेल में आप कोई परिवर्तन करते हैं तो आपको वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में इटावा व कानपुर के बीच में झिंझक नाम का एक स्टेशन है। यह एक प्रमुख व्यवसायी केंद्र है। दिल्ली से चलने वाली 12 डाउन वहां जाकर रुकती थी लेकिन अब यह ट्रेन जयपुर से चल रही है। इसलिए झिंझक वालों को अब यह सुविधा नहीं है। इसलिए मेरा सुझाव है कि जो दिल्ली से चलने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस तथा गंगा जमुना एक्सप्रेस है इसका थोड़ी देर झिंझक पर ठहराव होना चाहिए ताकि जो लोगों को पहले सुविधा उपलब्ध थी वह सुविधा आज भी मिल सके। यही मुझे कहना है।

अंत में मैं फिर अपनी बात को दोहराऊंगा कि मंत्री महोदय पहाड़ों की तरफ ध्यान दीजिए। आप कहते हैं कि वहां जो ट्रेनें चल रही हैं वह इकोनोमिक्स नहीं हैं। इकोनोमिकल इसलिए नहीं हैं क्योंकि कोई सुविधा आप देने के लिए तैयार नहीं हैं। आप चाहते हैं ट्रेन तो वही चलती रहें और आपको आय मिलती रहे। यह तो संभव नहीं है। अगर इन रूट्स पर चलने वाली ट्रेनों को आप देखें उन डिब्बों को देखें जो ब्रिटिश टाइम के डिब्बे थे आज भी वही चल रहे हैं। आपने उस में कोई सुधार नहीं किया है। रेल कार की बात आई, वही बाबा आदम के जमाने की चल रही हैं। उसमें कोई सुधार नहीं हुआ है। पहले शायद कालका-शिमला पर चार चलती थी और अब चार की जगह तीन रह गई हैं। अगर यही हालत रही और आपको पहाड़ों की तरफ देखना नहीं है तो वह समय दूर नहीं है जब यह तीनों भी बन्द हो जाएंगी, एक भी नहीं रहेगी। मैं अपने

कुछ सुझाव दोहराना चाहूंगा । आप अगर शिमला-कालका रेल सेवा को ज्यादा आकर्षक करना चाहते हैं तो उचित रहेगा कि उस रूट पर रेल न चलाइये बल्कि रेल कार बढ़ा दीजिये । आपने अपने बजट भाषण में भी कहा है कि आपने देश में रेल बस का कहीं श्रीगणेश करवाया है जो बहुत अच्छी चल रही है । मुझे विश्वास है कि इस प्रकार की रेल बसें चलाने के लिए आपका ध्यान हिमाचल प्रदेश की ओर भी जाएगा और दूसरी जो आपके पहाड़ी प्रान्त हैं, उनकी ओर भी जाएगा क्योंकि यह जो विकास का असंतुलन है यह लोग अधिक दूर तक सहन नहीं करेंगे चाहे वह उत्तर प्रदेश के पहाड़ हैं, चाहे वह जम्मू कश्मीर के पहाड़ हैं, चाहे वह पूर्वोत्तर राज्यों के पहाड़ हैं । मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि मंत्री महोदय का ध्यान इन पहाड़ी प्रान्तों की ओर जाएगा । महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं । मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जो सुझाव मैंने यहां रखे हैं, मंत्री महोदय अवश्य उन पर ध्यान देंगे, केवल मात्र यह औपचारिकता नहीं रह जाएगी । इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं । जय हिन्द ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : सुनने वालों के प्रति भी आपको आभार प्रकट करना चाहिए ।

श्री दिग्विजय सिंह (बिहार) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, रेल बजट पर भाषण करते हुए हम लोगों को कई वर्ष बीत गए, मंत्री जी, हमारी बातों को सुनते हैं, आश्वासन भी मिलते हैं जो सवाल उठाए जा रहे हैं इन सवालों पर हम ध्यान देंगे लेकिन जब उसका नतीजा देखने के लिए हम आंकलन करते हैं तो उसका कोई नतीजा हम लोगों को नहीं दिखाई देता है। खास कर के जिन इलाकों का जिक्र हम लोग बार-बार करते हैं, उनकी ओर मंत्री का ध्यान बिल्कुल जाता ही नहीं है। मैं उन सवालों पर तो बाद में आऊंगा लेकिन जो कुछ बुनियादी सवाल आज रेल मंत्रालय से जुड़े हुए हैं, उन सवालों का जिक्र करना मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूं । उन्हीं सवालों में एक सवाल है रेलवे की पार्लियामेंट की एक कनवेंशन कमेटी है और उस कमेटी ने सरकार को समय समय पर अपनी राय दी । कभी-कभी सरकार के लोगों को उस कमेटी की राय पसंद नहीं आई और उस कमेटी की राय को दरकिनार रख कर सरकार अपने फैसले करती रही । लेकिन सब से ताज्जुब की बात तब हुई जब शायद पार्लियामेंट के इतिहास में पहली बार उस कमेटी का सदस्य उसका मंत्री बन गया । पार्लियामेंट की कई कमेटियां हैं, हम सब लोग जानते हैं लेकिन किसी कमेटी का कोई मंत्री सदस्य नहीं होता है और उसकी बुनियादी शर्त एक ही है कि मंत्री का सदस्य न होना । पार्लियामेंट के जो सदस्य मुलाजिमों से जानकारी लेना चाहते हैं, मंत्री की मौजूदगी में वह जानकारी नहीं ले सकते हैं । लेकिन यह एक रेल विभाग है हिन्दुस्तान की संसद् की परिधि से बाहर है या पार्लियामेंटरी डमोक्रेसी का कोई ज़ोन इन सवालों के ऊपर मंत्री जी का ध्यान गया है या नहीं गया है । हम इसका जवाब चाहते है । जब मंत्री जी रेल मंत्रालय के विषय पर हम लोगों को बताएंगे, तब हमें इसका जवाब अवश्य दें । मैं तो सिर्फ इतना जानता हूं कि इस काम से संसदीय प्रणाली को ताकत नहीं मिलती है बल्कि यह प्रणाली कमजोर होती है । इसलिए अच्छा यह रहेगा कि मंत्री जी उस कमेटी की सदस्यता से हटा लें ताकि वह कमेटी ज्यादा स्वतंत्र रूप से काम कर सके । उसी से जुड़ी हुई आपने एक रेलवे रिस्ट्रक्चरिंग कमेटी बनाई, पोलूस साहब को अध्यक्ष बनाया । आपके मुलाजिम थे । उस कमेटी की रिपोर्ट से जो जानकारी मुझे मिली है, उस कमेटी ने एक सलाह यह दी है लेकिन एक सलाह उन्होंने दी है कि यह जो रेलवे कंवेंशन कमेटी है इसी को समाप्त कर दिया जाए । संसद् की समिति बने इसका फैसला या तो राज्य सभा के सभापति करते हैं या लोक सभा का अध्यक्ष करता है । संसद् किस विषय पर कहां कमेटी बनाए यह कोई री-स्ट्रिक्चरिंग कमेटी और वह भी भारत सरकार का मुलाजिम, इनके रेलवे का मुलाजिम की अध्यक्षता की कमेटी, ऐसी सिफारिशें कर देता है तो मुझे शक होता है कि आपका विभाग सही नहीं चल रहा

है। जम्हूरियत के ऊपर, संसद् सब से बड़ी उसकी समिति है और उसकी निगरानी समिति पर अगर कोई कमेटी शक उठाए कि इसकी जरूरत नहीं है, इसकी अहमियत नहीं है इसीलिए कि वह आपके कार्यकलापों में दखलअंदाजी करता नहीं है बल्कि आपको बताता है कि कौन सा काम गलत और कौन सा सही है। इससे इतना गुस्सा यह विभाग खा गया कि संसद् की समिति को ही समाप्त करने की सलाह दे गया। .... **(व्यवधान)** ऐसा सलाहकार रहे तो मंत्री का भविष्य भी अंधकारमय है, इतना मैं पक्का बता सकता हूं। संसद् की सलाहकार समिति हटेगी या नहीं यह तो मैं नहीं जानता लेकिन ऐसे लोग और ऐसी समितियां इनका भविष्य जरूर अंधकारमय कर देंगे। .... **(व्यवधान)** भगवान इनको अक्ल दें। उपसभाध्यक्ष महोदय, रेलवे का बजट बड़े ताम-झाम से पेश किया जाता है। कई बार हमारी समझ में नहीं आता कि रेलवे कोई कार्पोरेशन तरह की कोई चीज नहीं है, इनके बजट से कोई गोपनीयता पर असर होता है ऐसी भी कोई बात मुझे समझ नहीं आती एक परंपरा चली आ रही थी कि इनका बजट अलग से पेश किया जाए। मेरी समझ में इस पर मैंत्री जी जरा ध्यान दें, अगर उनकी समझ में यह बात आती हो। रेलवे का बजट संसार में कहां-कहां पेश होता इसकी हमें जानकारी नहीं है, रेलवे का अलग से बजट है, रैलवे सरकार का हिस्सा है और उस हिस्से में कभी 7 परसेंट, कभी 10 परसेंट मंत्री जी, उसका भाड़ा बढ़ा देते हैं और यह भी बढ़ता है फरवरी-मार्च में घोषणा करते हैं और बढ़ता जाकर है अब मई में, जून में, जुलाई में जब कोई तिथि तय करते हैं एक मई से बढ़ेगा और अगर आप टिकट पहले खरीद लिए हों तो उस टिकट को भी जब जिस दिन आप जाने लगेंगे जिस दिन भाड़ा बढ़ा हो उस भाड़े का भी किराया आपको देना पड़ता है लेकिन अलग से बजट पेश करने का महत्व मेरी समझ में नहीं आता। हां, राजस्व इनको विभाग से जरूर आता है। अगर राजस्व का ही मामला सिर्फ है तो पी. एंड टी. डिपार्टमेंट, टेली कम्युनिकेशंस डिपार्टमेंट तमाम ऐसे विभाग हैं जिनसे राजस्व आता है, तो उनका भी बजट अलग से पेश किया जाए। इसलिए मैं यह सलाह देता हूं कि सरकार की ओर से एक ही बजट हो जो केन्द्रीय बजट है और उसमें ही रेलवे का बजट रखा जाए। .... **(व्यवधान)**

श्री हेच० हनुमनतप्पा (कर्नाटक) : मंत्रिमंडल से बाहर आने के बाद आपको यह याद आया है?

श्री दिग्विजय सिंह : नहीं हम तो बजट पेश ही नहीं कर पाए थे। .... **(व्यवधान)** आपकी मेहरबानी हुई कि हम बजट पेश ही नहीं कर पाए। लेकिन यह सलाह मैं मंत्री जी को देता हूं।

उपसभाध्यक्ष जी, एक अजीब बात पिछले कुछ वर्षों से मैं देख रहा हूं कि जब हम गुलाम थे तो इस देश में रेलवे हजार किलोमीटर से ऊपर हर साल बढ़ जाता था, रेलवे लाइन बिछा दिया जाता था। आज दुनिया में हमारे पास सर्वे के भी बहुत से सामान हैं हवाई जहाज हैं वह तो जमीन से ही बैठ कर सर्वे करता था। आज हैलीकाप्टर हैं, जहाज हैं मंत्रालय के पास भी इन सुविधाओं का हक होगा, कर सकते हैं, लेकिन जो ट्रैक बिछाने का काम हो रहा है, वह इतना कम हो रहा है इस देश में मैं देख रहा था कि एवरेज दो सौ किलोमीटर और उसमें भी माननीय मंत्री जी आपने जो ट्रैक बिछाने का काम किया ... **(व्यवधान)** क्या मेरा समय हो गया है?

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : एक मिनट है।

श्री दिग्विजय सिंह : आपने जो काम किया है उसमें जो पिछड़े इलाके थे, उनका आपने कोई ध्यान नहीं दिया। कई वर्षों से हम लगातार बिहार में दुमका और हजारीबाग के बारे में कह रहे हैं ... **(व्यवधान)** ... हो कहां गया है?.. **(व्यवधान)**.. आश्वासन तो आप 4 वर्षों से दे रहे हैं .. **(व्यवधान)**.. क्लिअरेंस तो प्लानिंग कमीशन से क्लिअरेंस, मंत्री जी का क्लिअरेंस है। आप कर्नाटक में खूब कीजिए मेरा कोई विरोध नहीं है।.. **(व्यवधान)** ...

हम लोग तो यही जानते हैं कि मंत्री जो ज्यादा व्यस्त हैं, काम वहीं ज्यादा हो रहा है और हम लोगों की तरफ काम कम हो रहा है। इसलिए मैं मंत्रीजी से कहना चाहूंगा कि इन इलाकों पर ध्यान दें। अब तो आप 6 महीने, सालभर के मंत्री हैं इस विभाग के, तो कम-से-कम जाने के पहले यह हो जाय जो पिछले 4-5 सालों से हम लगातार सदन में बोल रहे हैं . . (व्यवधान) . . आप आगे भी होइए, मेरी शुभकामना है, लेकिन आप यह काम कर के जाइए यह हम कहना चाहते हैं।

माननीय, हम पिछले सालों से झाझा के रेलवे लोको का मामला उठाते रहे हैं। इसे अंग्रेज बनाकर गए। यह सौ साल पुरानी संस्था थी। आपने कहा था कि हम वहां के लिए कोई विशेष व्यवस्था करेंगे। यह तय हुआ कि वहां रेलवे का स्टीम लोको हट जाएगा, डीजल का हट जाएगा तो आपने कहा कि इलैक्ट्रिसिटी का बना देंगे, लेकिन आज तक वहां के लोगों को विश्वास में लेकर कोई ऐसा काम नहीं किया गया जिससे कि वहां के लोगों को लगे कि आपने झाझा का लोको-मोटिव हटाया तो उसके बदले में आप वहां कुछ करने जा रहे हैं। पहले ईस्टर्न रेलवे में आपके एक जनरल मैनेजर थे जो कि आजकल अध्यक्ष हो गए हैं, भटनागर साहब, उन्होंने कुछ प्रयास किए थे, लेकिन जब से उनका तबादला हो गया, वह और बड़े पदाधिकारी हो गए तब से झाझा में लोकोमोटिव स्टेशन हटने के बाद एक भी काम नहीं किया गया है और इसके चलते संथाल परगना के पास गोली चलानी पड़ी। तो मैं कहना चाहता हूं कि लोगों का विश्वास ऐसे ही आम चीजों से टूटता जा रहा है। जो कि उनका हक है, अगर उन रोजगार के साधनों को भी आप लेते जाएंगे, तो वे लोग क्या करेंगे? माननीय दूसरा एक सेंटर है जमालपुर में। यह 75 साल पुरानी संस्था थी। श्रीमती गांधी ने कहा था कि इसको और बढ़ाया जाए, आपने उसको बंद कर दिया। वहां पहले स्पेशल अप्रेंटिस का कोर्स कराते थे, आपने बंद करा दिया। मैं आपसे इन चीजों का जिक्र इसलिए कर रहा हूं क्योंकि यह तमाम पिछड़े इलाके हैं जहां कि कोई रोजगार के नए साधन या धंधा नहीं है। इन्हीं चीजों से लोगों की थोड़ी-बहुत आशा बंधी रहती है, अगर आपने इस आशा को तोड़ने का काम किया तो उसका कौनसा नतीजा निकला, यह मैं रेल मंत्री जी आपसे जानना चाहूंगा?

माननीय, उसी इलाके में जमूरी रेलवे स्टेशन पर आप रेलवे का एक रेस्ट हाउस बनाने वाले थे। वहां एक जगह है रछवा जहांकि संसार के जैनी पूजा करने आते हैं। जमूरी स्टेशन से 5-7 किलोमीटर की दूरी पर वह जगह है, लेकिन वहां उनके ठहरने का कोई इंतजाम नहीं है। वह पूरा इलाका पिछड़ा हुआ है। इसके लिए जमूरी स्टेशन पर ईस्टर्न रेलवे ने, बहो भटनागर साहब ने एक प्रपोजल बनाया था कि वहां पर रेस्ट हाउस बनाया जाय और वहां लोगों को ले जाने के लिए रेलवे बस की व्यवस्था करे। अगर इन चीजों को आप फिर से वहां स्थापित कर सकें तो वहां के यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी। अगर आप गया जा रहे हैं तो कभी आप वहां चलने की भी व्यवस्था करें तो उसके महत्व को समझ सकेंगे। माननीय, आपने इसी सदन में आश्वासन दिया था कि झाझा को रेलवे का इलेक्ट्रिक इंजन लोकोमोटिव बना देंगे, उस आश्वासन को आप पूरा करें तो मुझे खुशी होगी।

माननीय, रेलवे विभाग का जो आपने बजट प्रस्तुत किया है, बावजूद इसके कि हमारे आपसे कई मुद्दों पर मतभेद रहे हैं, लेकिन आपने कुछ काम लोगों के लिए किए हैं मैं इससे इंकार नहीं करता, अच्छा होगा यदि आप इस पिछड़े हुए इलाके को हजारीबाग रेलवे लाइन से जोड़े, दुमका को रेलवे लाइन से जोड़ें, और झाझा व जमालपुर का जो सवाल मैंने उठाया है, आप उसे पूरा करें। धन्यवाद।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं रेलवे मंत्रीजी को बधाई देता हूं कि इन्होंने रेलों में सुधार के लिए कुछ प्रयास किया है।

माननीय, पिछले 5 वर्षों से रेल मंत्री जी रेल बजट प्रस्तुत कर रहे हैं। और काफी तामझाम के साथ यह रेल बजट प्रस्तुत किया जाता है। हम सभी लोग और देश के करोड़ों लोग दृश्य देखते हैं कि रेल भवन में

रेलमंत्री जी रेल बजट को अंतिम रूप दे रहे हैं, यह टेलीविजन पर आता है और फिर एक खूबसूरत ब्रीफकेस में रेल बजट की प्रतियां लेकर संसद भवन में प्रवेश करते दिखाए जाते हैं, फिर लोकसभा में घंटों पानी पी-पीकर भाषण देते हुए दिखाए जाते हैं, और यहां राज्यसभा में बजट की प्रतियां सदन के पटल पर रखी जाती हैं। यह पांच साल से मैं सीन देख रहा हूं और देश के करोड़ों लोग यह सीन देख रहे हैं। रेल मंत्री जी कुछ घोषणाएं करते हैं, कुछ घटाते हैं, कुछ बढ़ाते हैं, लेकिन अंतर मुझको, देश के लोगों को और रेल उपभोक्ताओं को, जो रेल में सफर करते हैं, किसी को कोई नजर नहीं आता है।

माननीय, रेलों का देर से चलना, रेलों में गंदगी रेलों में चोरी, स्टेशनों पर गंदगी, खानपान की अव्यवस्था, आरक्षण की समस्या, सारी की सारी समस्याएं आज भी ज्यों की त्यों हैं। मैं रेल मंत्री जी की नियत पर शक नहीं करता, यह चाहते हैं, मुझे अच्छे आदमी नजर आते हैं, यह चाहते हैं रेलों में सुधार करना, लेकिन इनका जो सरकारी तंत्र है, जो इनके अधिकारी हैं, लगता है, क्षमा करेंगे मुझे रेल मंत्री जी यह कहने के लिए, कि इनके नियंत्रण में वह मालूम नहीं होते। मैं एक चीज पर जोर देकर कहना चाहता हूं कि रेल मंत्री जी, आप एक बात कर दीजिए, कोई और सुधार मत करिएगा तो भी आप सबसे अच्छे रेलमंत्री कहे जाएंगे, अगर आप इस देश ट्रेनों को समय पर चलवा दें। इस पर आपको कोई वित्तीय भार नहीं आने वाला। आज का केवल आंकड़ा आप लीजिए नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली स्टेशन का, उसे आप देखिए और कल सदन में बता दीजिए कि इन दोनों स्टेशनों पर क्या कोई गाड़ी समय पर आयी या नहीं आई? मेरी अपनी जानकारी है, मैं आज स्वयं राजधानी ट्रेन से आया हूं और जब दिल्ली के करीब ट्रेन पहुंची तो कितने खूबसूरत शब्दों में एनाउन्समेंट हो रही थी कि "हम डेढ़ घंटे विलम्ब से चल रहे हैं, असुविधा के लिए हमें खेद है, क्षमा कीजिएगा"। जब मैं मुगलसराय स्टेशन पर बैठा था तो वहां भी बड़े खूबसूरत शब्दों में एनाउन्समेंट हो रही थी कि

"Such and such train is delayed by eight hours".

हमें खेद है कि ट्रेन नंबर इतना आठ घंटे विलंब से चल रही है"।

माननीय, मैं बनारस के पास का रहने वाला हूं। अभी 6 तारीख को मैं बनारस रेलवे स्टेशन पर था। मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि रेल मंत्री जी आप और कुछ न कर पाएं, केवल आप ट्रेनों को समय से चलवा दीजिए तो रेल मंत्री के रूप में आपका इतिहास स्वर्णाक्षरों में लिख दिया जाएगा। मैं कह रहा था कि 6 तारीख को मैं बनारस रेलवे स्टेशन पर था, वहां आज" अखबार देख रहा था, यह एक अच्छा डेली न्यूज पेपर है पूर्वी उत्तर प्रदेश का 'आज" अब तो हिन्दुस्तान के दस जगहों से निकलता है। इसकी तीन-चार लाइन पढ़ूंगा कि जनता को कितनी परेशानी हुई ट्रेनों के विलम्ब से चलने से। इसमें है, माननीय, गोरखपुर-दादर एक्सप्रेस ट्रेन वाराणसी से दस घंटे विलम्ब से छूटी। गोरखपुर-दादर एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार को बीस घंटे विलम्ब से कैन्ट स्टेशन पर पहुंची। इसी तरह सब ट्रेनों का हवाला दिया है कि यह यह ट्रेन बनारस में, मुगलसराय में, दिल्ली में, इलाहाबाद में और हिन्दुस्तान के कोने-कोने में विलंब से चल रही हैं। मैं आपके माध्यम से रेलमंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि इस में कौनसा संकट आ गया है? कौनसा वित्तीय भार आपके ऊपर पड़ रहा है यह अधिकारी लोगों की तानाशाही है। मैं रेलमंत्री जी से मांग करूंगा कि आप आज मालूम कर लें कि नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली स्टेशन पर कौनसी ट्रेन क्यों विलंब से आई है? अगर इसमें आदमियों, आपके कर्मचारियों की गलती है तो आप उनके खिलाफ क्या अनुशासनात्मक कार्यवाही करने जा रहे हैं या दण्डात्मक कार्यवाही करने जा रहे हैं? मैं यह जानना चाहूंगा।

माननीय इन रेलों के विलम्ब से चलने से जनता को अनेक प्रकार से असुविधा होती है। मैं इस पर ज्यादा विस्तार से नहीं कहना चाहता हूं।

अब, माननीय, हम लोग पूर्वांचल के

रहने वाले हैं । एक रेल लाइन है मऊ से शाहगंज तक, यह केवल 100 किलो मीटर लम्बी रेल लाइन है । बहुत दिनों से उसकी मांग चल रही है और कई रेल मंत्री इस विभाग से आकर हट गए, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया । मैं वर्तमान रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं और धन्यवाद देना चाहता कि हुं ये हमारे जिले में, जहां पर हम बड़ी रेल लाइन की मांग कर रहे थे, दो साल पहले गए और एक ही दिन में शिलान्यास भी कर दिया और उद्घाटन भी कर दिया । जो दो नेता आपको ले गए, जिनकी कृपा से आप गए, उन दोनों में होड़ हो गई । एक ने बैनर लगा दिया कि माननीय जाफर शरीफ साहब इसका शिलान्यास करेंगे और दूसरे ने लगा दिया कि उद्घाटन करेंगे। मुझे बड़ी दुःखी हुई और अचंभा भी हुआ, यह विश्व का 9वां आश्चर्य हो जाएगा कि एक ही दिन शिलान्यास और उद्घाटन । मंत्री जी घोषणाएं करके चले आए और रेल मंत्री जी को मैं फिर से धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनके मन में हम लोगों की व्यथा है, उस क्षेत्र के लोगों की व्यथा है और वे चाहते हैं कि उस छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित कर दिया जाए लेकिन मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि इनके अधिकारी लोग नहीं चाहते हैं । आपने जो काम शुरू किया है, मैं उस काम को सुना रहा हूं । हमारे बड़े भाई मोहम्मद मसूद खान साहब वहीं के रहने वाले हैं, उन्होंने एक सवालपूछा इस सदन में 26-4-95 को तारांकित प्रश्न संख्या 325 के रूप में, लेकिन वह प्रश्न आते-आते समय समाप्त हो गया । इसमें आप जवाब देते हैं कि "इसको आपने सिगन्ततः स्वीकार कर लिया है, लेकिन 1994-95 के लिए आपने 20 लाख रुपए स्वीकार किए हैं ।" मान्यवर; पुलिया के लिए 20 लाख रुपया स्वीकार किया जाता है, 100 किलो-मीटर लम्बी रेल लाइन है, आपने बड़ी मेहरबानी की कि हम लोगों के आंसू पोंछने के लिए 20 लाख रुपए स्वीकार किए । फिर कहते हैं कि "1995-96 के लिए हमने 4 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है । कुल व्यय होगा इस पर 38.70 करोड़ रुपए ।" अपने प्रश्न के अंत में कहते हैं कि "वर्ष 1996-97 के दौरान यह योजना पूरी होने की संभावना है, बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हो जाएं ।" अब इसका हम क्या मतलब निकालें? आपका कुल व्यय 38.70 करोड़ का है, आपका विभाग बहुत बड़ा है, आपके हाथ बड़े हैं, आप वहां देख आए हैं, तो मैं आपके माध्यम से, मान्यवर, रेल मंत्री जी से मांग कर रहा हूं कि इस योजना को ज्यादा रुपया दीजिए 38 करोड़ रुपए से । आपकी बड़ी कृपा होगी और पूर्वांचल के इतिहास में भी माननीय जाफर शरीफ साहब का नाम लिख दिया जाएगा क्योंकि कितने रेल मंत्री आए-गए, किसी ने कुछ नहीं किया । . . (समय की घंटी) . . . मान्यवर, मैं दो-तीन मिनट और लूंगा, ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं ।

मैं आपसे एक और निवेदन करना चाहता हूं कि हर साल आप बजट में रेल भाड़ा और माल भाड़ा बढ़ा देते हैं । मैंने पिछले पांच सालों से देखा नहीं कि आपने कभी रेल भाड़े या माल भाड़े में कमी की हो । आपकी विवशता है, आप क्या करें, इसके लिए मुझे कोई ऐतराज नहीं है । लेकिन क्या कोई दूसरा विकल्प नहीं है आप माल भाड़ा और रेल भाड़ा य बढ़ाए और आपका काम चल जाए ? आप अगर अपने विभाग की फिजूलखर्ची को रोकें, लेकिन मैं समझता हू कि आप मजबूर हैं, आप रोक नहीं पाएंगे क्योंकि आपके

विभाग के जो बड़े ऑफसर हैं वे तो फिजूलखर्ची के लिए ही बैठे हैं, तो अगर आप फजूलखर्ची पर कंट्रोल कर लें, उससे भी आप काफी कुछ पा सकते हैं और हमारे मित्र महेश्वर जी जो कह रहे थे, सही बात कह रहे थे कि रेल विभाग की जो जमीनें बेकार पड़ी हुई हैं, उनको अगर आप नीलाम करें, उनको पट्टे पर दें, ठेके पर दें, कांट्रेक्ट पर दें, दुकानों के लिए दें, लीज पर दें तो आपके पास इतने संसाधन हो जाएंगे कि शायद आपको रेल भाड़ा और माल भाड़ा बढ़ाने की आवश्यकता नहीं रह जाएगी और अगर बढ़ाएंगे तो मिनिमम बढ़ाएंगे । मेरा अनुरोध है कि आप कृपया इस पर ध्यान दें ।

रेल मंत्री जी हर साल नई ट्रेनें चलाने की घोषणा कर देते हैं कि इतनी ट्रेनें इस साल नई चलेंगी, लेकिन मैं समझता हूं कि एक भी ट्रेन नई नहीं चलती है । मान्यवर, मैं इस बारे में दो उदाहरण देना चाहता हूं । एक ट्रेन है सरयू-जमना । जब वहां अमृतसर से चलेगी दिल्ली तक तो इसका नम्बर दूसरा है और नाम फ्लाइंग मेल है । और जब यह दिल्ली से गोरखपुर के लिए चलेगी तो इसका नाम शहीद एक्सप्रेस हो जाता है । जब यही ट्रेन तीन दिन दिल्ली से बनारस के लिए चलेगी और बनारस के आगे के लिए चलेगी तो इसी का नाम सरजू-जमुना हो जाता है। तो क्या जगलरी है मान्यवर, एक ट्रेन तीन नामों से गणना हो गई कि तीन नई रेलें माननीय रेल मंत्री जी ने चलादी। हमारी तरफ एक रेल चलती है । माननीय हनुमनतप्पा, आप हंसिए मत मैं व्यथा कह रहा हूं जनता की, अपनी और सब लोगों की । बनारस से एक ट्रेन चलती है गोरखपुर तक । उस ट्रेन का नाम है—कृषक । जब यह ट्रेन गोरखपुर से लखनऊ चलेगी तो उसका नाम गोरखपुर-लखनऊ मेल हो जाएगा । वही डिब्बे हैं, वही इंजन है, वही पैसेंजर्स हैं, उसको तो वाया गोरखपुर होकर आना है । बनारस से गोरखपुर तक उसका नाम कृषक मेल और जब गोरखपुर से आगे बढ़ी तब उसका नाम गोरखपुर-लखनऊ मेल हो गया । इस प्रकार कंफ्यूजन हो जाता है । मैं अपनी समस्या बतला रहा हूं । मैं पुरानी दिल्ली स्टेशन पर सरजू-जमना का इंतजार कर रहा था । एनाउंसमेंट हो गया कि फ्लाइंग मेल आ रही है । मैं दूसरे एलेट फार्म पर चला गया और मेरी ट्रेन मिस हो गई । कहीं वही फ्लाइंग मेल, वही सरजू-जमना, वही शहीद एक्सप्रेस । तो यह तो कला कौशल है माननीय रेल मंत्री जी का; जो इस समय ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं । मैं समझता हूं कि मेरा समय अब खत्म हो हो रहा है । लेकिन...(व्यवधान)।

श्री महेश्वर सिंह : यह कला कौशल नहीं, गोरख धंधा है।

श्री ईश दत्त यादव : महोदय, मैं आपके माध्यम से दो-तीन निवेदन माननीय मंत्री जी से कर रहा हूं कि जब तक हमारी मऊ-शाहगंज की बड़ी रेल लाईन का अमान परिवर्तन नहीं हो जाता, मान्यवर...(व्यवधान) ।

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): इसी साल में पूरा करेंगे ।

श्री ईश दत्त यादव : बहुत-बहुत आपको धन्यवाद है। मैं आपसे एक निवेदन कर

रहा था, हम लोग आपसे व्यक्तिगत रूप से मिले और लिखकर भी दिया और मान्यवर, आपने हम लोगों की समस्या को समझा और अपने अधिकारी को निर्देश भी दिया कि यह जो सरजू जमना ट्रेन है इसको पुरानी दिल्ली के बजाय अब नई दिल्ली से चलाएं, ताकि हम सब लोगों को सुविधा हो जाएगी। ऊपर से भी यह नई दिल्ली के लिए आए। मैं समझता हूं कि आपने बहुत नेक नीयती से इसका आर्डर किया। लेकिन मैं नहीं समझता हूँ कि वह जो आपके अधिकारी साहब हैं, वह किस तरह के अधिकारी हैं। आपके आदेशों का पालन आज तक नहीं हुआ। दो महीने पहले आपने निर्देश दिया। इसलिए मान्यवर, मैं चाहता हूं कि आप आज घोषणा कर दें और अधिकारी को बाद में आर्डर दिया करें। आपकी घोषणा पहले हो जाया करेगी। यह प्रजातंत्र है। प्रजातंत्र में आप मालिक हैं, रेलवे के यह अधिकारी लोग इसके मालिक नहीं हैं।

मैं आपसे मांग करना चाहता हूं कि आजमगढ़ और जौनपुर दो रेलवे स्टेशन ऐसे हैं, जौनपुर सिटी का रेलवे स्टेशन जहां पर आरक्षण की बहुत कम व्यवस्था है। वहां पर कलकत्ता के लिए, बम्बई के लिए, मद्रास के लिए और दूसरी जगहों के जाने के लिए आप ए० सी० फस्ट क्लास ए० सी० सेकेन्ड क्लास में और यह जो ए० सी० सेकेन्ड क्लास के डिब्बे हैं, इसमें कम से कम 4–4 बर्थ और दो–दो बर्थ के आरक्षण की व्यवस्था करवादें, तो आपकी बड़ी कृपा होगी। यह पूर्वांचल का अत्यन्त पिछड़ा क्षेत्र है जिसके बारे में मैं निवेदन करना चाहता हूं। मान्यवर, आपने तो घोषणा कर दिया। मैं बहुत हृदय से आपको धन्यवाद दे रहा हूं और पूर्वांचल की जनता की ओर से आपको धन्यवाद दे रहा हूं कि आपने कह दिया कि इसी बजट में और इसी साल में इसको पूरा करायेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सतीश प्रधान (महाराष्ट्र) धन्यवाद: सर, मैं शुरू में ही माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि गये बजट के समय मैंने जो सूचना दी थी और उस टाईम पर उसके बारे में नहीं सोचेंगे, ऐसा बताया गया था। लेकिन अभी उसके बारे में विचार करके उसका इम्प्लीमेंटेशन शुरू हो गया है, ऐसा भाषण के टाईम पर उन्होंने बता दिया, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं। पहली बात ऐसी है कि जो रेलवे क्रासिंग थे, उसके बारे में मैंने बताया था कि वहां इलैक्ट्रोनिक या मकैनिकल डिवाईस बैठाकर हम लेविल क्रौसिंग के ऊपर कुछ गार्ड बिठा सकते हैं। वहां अलार्म सिस्टम करने का आप अरेंजमेंट कर रहे हैं। दूसरी बात मैंने सजेस्ट की थी गार्ड और ड्राईवर दोनों के बीच में सुसम्वाद होना चाहिए तथा नियरेस्ट रेलवे स्टेशन के साथ कंट्रोल रूम के साथ भी उसका कांटेक्ट होना चाहिए। वह भी आपने मान लिया, उसमें से आधा मान लिया। गार्ड और ड्राईवर के बीच में अब संबंध शुरू कर दिया आपने, प्रैक्टिकल स्तर पर ऐक्सपीरिएंस लेने के लिए और पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का भी आप इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं आपसे विनती करूंगा कि जल्दी से जल्दी सभी ट्रेनों में इसका बंदोबस्त किया जाए।

सर, मैं मुंबई से आता हूं और मुंबई का सबसे बड़ा सवाल सब-अर्बन रेलवे का है। जब यह बजट पेश किया गया तो इसमें बताया गया कि सबअर्बन रेलवे के सीजन टिकट के किराए बढ़ाए गए हैं। मैं मंत्री जी विनती करना चाहता हूं कि आपने जो क्राइटीरिया सब-अर्बन टिकट के लिए बनाया

यह बराबर नहीं है, यह गलत है। सब-अर्बन रेलवे से जो लोग जाते हैं, जर्नी करते हैं, वे सिर्फ इसलिए जर्नी करते हैं कि नौकरी के लिए उनको अपने घर से दूसरी जगह जाने की जरूरत होती है। उसके लिए वे जाते हैं तो उनके आने-जाने के लिए उनको सबसिडी देना ही आवश्यक है और उनके ऊपर ज्यादा बोझ डालना ठीक नहीं होगा।

मैं यह भी बताना चाहता हूं, मुंबई के बारे में खास करके कि मुंबई में सबसिडाइजेशन करने के बाद भी मुंबई सब-अर्बन रेलवे का आज तक का अनुभव ऐसा है कि मुंबई सब-अर्बन रेलवे ने मुनाफा ही दिया है; आज तक कभी भी मुंबई सब-अर्बन रेलवे घाटे में नहीं चली है।

सर, मैं आपके माध्यम से एक और चीज माननीय मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं। यह मुंबई का सबअर्बन रेलवे सेक्शन जो है, मुंबई से लेकर कल्याण तक का या मुंबई से लेकर पूना तक का, मुंबई से लेकर ईग्गतपुरी तक का। यह पूरा का पूरा हुलेश्य विभाग है। मुझे शक है कि जान बूझकर रेलवे इस ऐरिया के ऊपर ध्यान नहीं दे रही है। हिंदुस्तान में सबसे पहली रेलवे मुंबई से थाना तक के लिए शुरू हुई। 1853 में यह रेलवे शुरू हुई और तब से अब तक 1955 में हमने निर्णय लिया कि इस देश का पूरा का पूरा जो रेलवे सेक्शन है, उसका इलेक्ट्रिफिकेशन करेंगे और यह ए० सी० टाइप इलेक्ट्रिफिकेशन करेंगे। 1926 में मुंबई से कल्याण तक के एरिया का डी० सी० टाइप इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था और तब से आज तक मुंबई से ईग्गतपुरी तक का सेक्शन, 1928 से लेकर आज के दिन तक, यहां डी० सी० टाइप का इलेक्ट्रिफिकेशन है, उसी के ऊपर रेल चलती है। डी० सी० के ऊपर जो रेल आप चलाते हैं तो डी० सी० इंजन प्रोक्योर करना, उसको अवेलेबल करके देना, यह आपकी जिम्मेदारी है लेकिन मेरा अनुभव यह है कि डी० सी० टाइप के इंजन बनाना भी बंद हो गया है अभी बीच में और इस साल और कुछ बनाएंगे, ऐसा सुन रहे हैं लेकिन यह इंजन बनाना बंद कर दिया है और यह बंद करने के बाद ए० सी० टाइप, डी० सी० टाइप दोनों मिक्स करके जो इंजन चलते थे, उसका प्रोडक्शन भी अभी जितना चाहिए, उतना नहीं होता है और इसका नतीजा यह हो रहा है कि पूरे के पूरे एरिया में जितने इंजन आवश्यक हैं, उतने इंजन हमें उपलब्ध नहीं हैं और इंजन उपलब्ध नहीं होने से उस एरिया में गाड़ियां ठीक ढंग से नहीं चल पा रही हैं।

इसके साथ-साथ मैं एक और बात कहना चाहता हूं जो बहुत सीरियस है। सरजत से लेकर लोनावाला तक बीच में घाट स्टेशन है। सवाल यह है कि घाट स्टेशन के अंदर एक नया टनल बनाया गया, इस टनल के अंदर ऐक्सॉस्ट फैन लगाने की आवश्यकता थी, वह अभी तक नहीं लगाए गए। लखनउ में जो हमारा टेक्नीकल डिपार्टमेंट है उसने बताया है कि इस टनल पर डीजल इंजन मत लगाओ क्योंकि डीजल लोकोमोटिव धुआं फेंकता है और टनल में से धुंआ आसानी से नहीं निकलता है। लेकिन इसके बावजूद टनल में ऐसे इंजन चलाए जाते हैं। वहां पर एक्सीडेंट्स होने के बावजूद उसमें कोई रूकावट नहीं है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या रेलवे डिपार्टमेंट एक्सीडेंट होने का बंदोबस्त करने की कोशिश कर रहा है ?

[उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) पीठासीन हुए]

मुंबई से लेकर कल्याण तक का जो पूरा का पूरा ट्रैक बिठाया हुआ है वह बाबा आदम के जमाने का बिठाया हुआ है। इस ट्रेक को इम्प्रूव करने के लिए कोई खास कोशिश नहीं की गई है। वहां ट्रेन में जाते समय मैंने देखा है, यह एक्सपीरियंस हुआ है कि वहां ट्रेन जम्प करती है और उस ट्रैक पर वह ढंग से नहीं चल पाती है। इसके कारण लोगों को बहुत तकलीफ होती है। इस ढंग से इस बारे में जो देखा जाता है, यह ठीक है। इसके बारे में मंत्री जी को सोचना चाहिए।

मैं एक बात बताना चाहता हूं, रेलवे मंत्री यहां बैठे हैं। यहां पर बताया जाता है कि हम 96 परसेंट, 97 परसेंट और 98 परसेंट ट्रेनें समय पर चलाते हैं। मैं उनको यह बताना चाहता हूं और उनसे यह रेक्वेस्ट

करना चाहता हूं कि वह जरा पेपर सदन के सामने लायें। अगर वे ऐसा करेंगे तो पता चलेगा कि असल में ऐसा नहीं है। मैं बताना चाहता हूं कि मैंने खुद देखा है कि मुंबई से जो ट्रेन चलती है, तो उनका जो स्पीड चार्ट होता है वह 60-65 किलोमीटर पर आवर होता है। इस हिसाब से उसको चलाना चाहिए। ऐसा समझकर वह चार्ट बनता है। मुंबई से लेकर कल्याण और पूना तक जो ट्रेन चलती है, तो अगर उसकी स्पीड देखें तो बीच में कुछ जगहों पर उसकी स्पीड 20 किलोमीटर पर आवर, 18 किलोमीटर पर आवर चलती हैं। 11 जगहों पर 30 किलोमीटर पर आवर गाड़ी चलती है। तो 18 जगह ऐसी हैं जहां पर गाड़ियां कम स्पीड से चलेंगी। अगर ऐसा है तो फिर उस हिसाब से, जो चार्ट में दिया हुआ है, वह कैसे चल सकेंगी, जरा इसका हिसाब लगाने की कोशिश करें।

मैं एक और बात कहना चाहता हूं। आज दोपहर स्पेशल सेशन में महाराष्ट्र में सूखा के बारे बात उठी थी। सूखा सब जगह हो रहा है। मैं यहां पर यह कहना चाहता हूं कि मुंबई में रोजाना रेलवे 300-400 मिलियन गैलन पानी इस्तेमाल करता है, यूज करता है। क्या रेलवे प्यूरीफाई वाटर लेकर, उसके लिए प्यूरीफिकेशन प्लांट लगाकर यह पीने का पानी जो वह वेस्ट कर रही है उसको वह बंद नहीं कर सकती ? अगर वह ऐसा करेगी तो लोगों को उतना पानी पीने के लिए आसानी से मिलेगा। इसके लिए ज्यादा

4 P.M.

खर्च की आवश्यकता नहीं है। कम खर्च में कर सकते हैं। चाहें तो यह प्लांट इंजिन से चल सकता है। अगर देखना है तो आर० सी० एफ० पैराम्बूर में जा कर देख लीजिए। वहां उन्होंने प्लांट बैठाया है और रिसाइकिल करके चलाते हैं, सब काम के लिए प्लांट चलाते हैं। आप भी पानी की बचत कर सकते हैं लेकिन आप करना नहीं चाहते हैं। रेलवे यदि पानी की बचत करे तो लोगों को पीने का पानी मिल सकता है। यह मुझे कहना है। मुझे यह रिक्वेस्ट करनी है कि आप इसके लिए आगे जाने के लिए कोशिश करेंगे तो अच्छा रहेगा। एक बात मैं और कहूंगा। मैं किसी पर इल्जाम नहीं लगाना चाहता हूं, आप के रेलवे वर्कर और जगह पर भी हैं, लेकिन कपूरथला में जहां हमारी बहुत सारी बोगीज बनती हैं, उसके बारे में पता चला है कि उसमें बहुत लीकेज होता है, डिब्बे बहुत हिलते हैं और बैलेंस्ड नहीं लगते हैं। आपका इंस्पेक्शन डिपार्टमेंट क्वालिटी कंट्रोल सुधारने की कोशिश करे तो ज्यादा अच्छा रहेगा। यह मेरी प्रार्थना है। अंत में म यह कहना चाहता हूं कि रेलवे स्टेशनों के ऊपर और रेलवे ट्रैक्स पर काफी सालिड वैस्ट, गारबेज इकट्ठा होता है। इस गारबेज को हटाने के लिए रेलवे द्वारा कुछ भी बन्दोबस्त नहीं किया जाता है। हालांकि यह बराबर कहा जाता है कि बंदोबस्त ठीक है लेकिन ऐसा वास्तव में नहीं होता है। इतना सालिड वैस्ट जमा होता जाता है इसको निकालने के लिए परमानेंट सालूशन करने के लिए लोकल स्टेट गवर्नमेंट के साथ कोई अरेंजमेंट कर के यह काम करने की आवश्यकता है। यह आप करेंगे तो बहुत सी सुविधा हो जाएगी और लोग अच्छी तरह से ट्रेवल कर सकेंगे। मुझे इतना ही कहना है। आपने मुझे जो समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ताकि मेरे सहयोगी बोल सकें।

SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR (Assam): Sir, I thank you for giving me this chance to speak on the Railway Budget. This Railway Budget dees not reflect the so-called anxiety of the Central Government expressed for the North-Eastern Region promising special measures to bring the region on par with other parts of the country.

Railways were established by the Britishers in the 19th century not for the benefit of the people but for exploitation of natural resources such as tea, oil, timber, etc • found in abundance in the region for the benefit of the imperialists. There has been not much improvement of railway communications since that time. When there is a demand for improvement in rail lines, the reply of the

Government has been that there being no industry, rail communications cannot be improved. When there is demand for establishment of industries, the reply had been that there being no rail communications and no industry can be established. So, there is neither any improvement in the rail communications nor is there eny industrialisation.

The lure of a tax holiday held out to industrialists has failed to enthuse any one. It is doubtful if there is any chance of the North-Eastern Region be Jig industrialised in the near future. There has been a constant demand for establishment of a Railway Division at Rangiya for a very long time. Establishment of a Division at Rangiya will lead to administrative and operational efficiency and will result in augmentation of rail income. I would request the Railway Minister to consider this demand of the people and take steps for the establishment of the Divisional Headquarters at Rangiya. I would also like to draw the attention of the Railway Minister to the need for the construction of some Railway overbridges, especially at Changsarj, Rangiya and Pathsala in Assam which will help in the smooth running of road traffic and save much of public time. Introduction of a Rajdhani Express between New Delhi and Guwahati and proposed increase in its frequency from weekly to triweekly is of no use to the vast majority of commuters from the region as they cannot think of travelling in Raidhani Express in view of the pro-bhities fare which the people at large cannot firTord. The few Express and Mail (rams that are inadequately serving the commuters between the capital city of Delhi and the North-Eastern Region are irregular and run late by 10 to 15 hours sometimes. There is over-crowding in the reserved compartments also and the commuters feel cheated without any re-medy of relief from any quarters

The unhygienic atmosphere in the bogies is the worst with stinking bathrooms and insufficient water for the passengers. The quality of food supplies is the worst and, in fact, the Railway Minister has admitted in his Budget Speech that, it was not possible to supply good food in the running trains.

Sir, there is an inadequate number of trains from the North-Eastern Region to Southern States. There has been abnormal increase in the number of passengers going to South from this region, particularly to Vel-lore and to the Apollo Hospital in Madras for medical treatment. The accommodation in the existing trains is inadequate and the commuters suffer a lot due to delay in the running of the trains. It is sad that the Budget has not made any provision for a faster train from this region to the Southern States.

The Railways being the most important infrastructure for development of the region, specially industrialisation, there is no scope of any industry worth the name coming up in the region in the near future.

